PUBLICATION NAME :	Samachar Jagat
EDITION :	Delhi
DATE :	03/05/24
PAGE :	9

राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साझेदारी में

ईडीआईआई ने आयोजित किया 97वां प्रोग्राम

एजेंसी

नई दिल्ली . भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के साथ साझेदारी में देश भर की भावी महिला उद्यमियों के लिए 100 एंटरेप्रेन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्राम आयोजित किए हैं, ऐसे ही 97वें प्रोग्राम का आयोजन आईआईसी दिल्ली में किया गया, जहां मिस रेखा शर्मा मुख्य अतिथि थीं।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला, सिडबी के चीफ जनरल मैनेजर सुभ्रांसु आचार्या और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव मिस मीनाक्षी नेगी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने कहा कि देशभर में 97ईएपी किए जा चुके हैं। मुझे खुशी है कि महिलाओं ने इन्हें खूब पसंद किया है। इससे स्पष्ट है महिलाओं को थोड़ा सा सहयोग मिलने से भी उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने सपने साकार करने के लिए प्रेरित होती हैं।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि महिलाएं ऐसा सेगमेन्ट है, जिस पर ईडीआईआई विशेष रूप से ध्यान देता है। ईडीआईआई देशभर की महिलाओं को उद्यमों को सफलता हासिल करने के लिए सक्षम बनाना चाहता है। संस्थान महिलाओं के विकास और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें इन प्रोग्रामों के लिए बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।